Govt.of MadhyaPradesh

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

मध्य प्रदेश शासन

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

17 नवम्बर 2013 को दैनिक भास्कर सतना में प्रकाशित खबर ''शेरनी और उसके 02 शावकों से पाठा गांव में दहशत। बारह वर्षीय बालक पर किया गया हमला'' खबर का खण्डन

दैनिक भास्कर सतना में दिनांक 17.11.2013 को उल्लेखित शीर्षक के साथ प्रकाशित खबर अर्धसत्य की श्रेणी में आता है। पाठा ग्राम के अरुणपाल दिनांक 15.11.201 को रात्रि 8.00 बजे ग्राम की पक्की सड़क के किनारे शौच पर बैठा था। उसी समय वहां से गुजरने वाला एक लकड़बघा 02 शावकों के साथ उन्हें पीछे से दबोचा। उसी समय मौके पर पहुंचे श्री मलखान सिंह के द्वारा पत्थर मार कर अरुणपाल को बचाया। पत्पश्चात उन्हें 9.00 बजे उप सरपंच श्री नीरज के द्वारा अरुणपाल को परिक्षेत्र कार्यालय अमानगंज ले गये वहां पर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती कराया गया। विभाग के द्वारा संबंधित की तत्काल सहायता हेतु रु0 1000/– दिया गया। उल्लेखित अनुसार मौके पर की गई जांच में यह स्पष्ट हुआ कि अरुणपाल ापर हमला करने वाला वन्यप्राणी बाघ नहीं लकड़बघा है। बाघ सामान्यतः आवादी इलाकों में नहीं है एवं पाठा ग्राम की तरफ पन्ना टाइगर रिजर्व का कोई बाघ एव बाघिन विचरण नहीं कर रहे हैं।

दिनांक – 19.11.2013

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना